भारत सरकार
योजना मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1758
दिनांक 10.12.2025 को उत्तर देने के लिए

योजना मंत्रालय में रिक्तियां

1758. डॉ. शर्मिला सरकार:

क्या **योजना** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) योजना मंत्रालय में स्वीकृत पदों की कुल संख्या, पदस्थ व्यक्तियों की संख्या और विभिन्न श्रेणियों में आरक्षित पदों सहित रिक्तियों की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ख) 2014 से मंत्रालय और इसके अधीनस्थ संस्थाओं में आरक्षित पद सहित रिक्तियों की कुल संख्या का वर्ष-वार एवं श्रेणी-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) 2014 से अनुबंध आधार पर नियुक्त कर्मचारियों की संख्या का वर्ष-वार एवं श्रेणी-वार ब्यौरा क्या है;

उत्तर

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय;
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय एवं
राज्यमंत्री, संस्कृति मंत्रालय

(राव इंद्रजीत सिंह)

(क) से (ग): योजना मंत्रालय और इसके अंतर्गत आने वाले संगठनों के कर्मचारियों के लिए स्वीकृत पदों का श्रेणीवार विवरण, स्थिति आदि "योजना मंत्रालय की अनुदानों की विस्तृत मांगें" [स्थापना की अनुमानित संख्या और उसके प्रावधानों को दर्शाने वाला विवरण] प्रत्येक वर्ष संसद के दोनों सदनों के पटल पर रखी जाती है। यह निम्नलिखित यूआरएल के तहत नीति आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध है:

https://www.niti.gov.in/disclosures-rti/disclosures/demands-of-grants

*****